# भगवान बिरसा मुण्डा की स्मृति में 15 नवंबर को छत्तीसगढ़ के हर जिले में मनाया जाएगा 'जनजातीय गौरव दिवस' : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

- मुख्यमंत्री 'जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत' विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में शामिल हुए
- जनजातीय समाज ने हमें प्रकृति के संरक्षण का मार्ग दिखाया
- जनजातीय संस्कृति में छिपी है, गहरी आध्यात्मिकता
- देश के लिए संघर्ष करने की परम्परा जनजातीय परम्परा रही है
- जीवन जीने की कला जनजातीय समाज से सीखनी चाहिए

रायगढ़



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती के अवसर पर 15 नवंबर को छत्तीसगढ़ के हर जिले में 'जनजातीय गौरव दिवस' मनाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुण्डा की स्मृति में जनजातीय गौरव दिवस मनाने का निर्णय लिया है। इस वर्ष भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती है। छत्तीसगढ़ में भी इसे भव्य रूप से मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री आज राजधानी रायपुर के न्यू सर्किट हाउस में 'जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत'ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वन मंत्री केदार कश्यप ने की। विधायक भईयालाल राजवाड़े विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। यह सोचकर गर्व होता है कि अनेक महान स्वतंत्रता सेनानियों का जन्म जनजातीय समाज में हुआ। अपने देश के लिए संघर्ष करने की परम्परा जनजातीय समाज में प्रारंभ से रही है। शहीद वीर नारायण सिंह, गैंदसिंह, गुण्डाधूर जैसे अनेक महान नायकों ने अपना बलिदान दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया आज जलवायु परिवर्तन की गंभीर चुनौतियों से गुजर रही है। ऐसे में प्रकृति का संरक्षण बहुत आवश्यक है। जनजातीय समाज ने हमें प्रकृति के संरक्षण का मार्ग दिखाया है, जो आज भी अनुकरणीय है। जनजातीय समाज में प्रकृति की पूजा की जाती है। पूर्वी छत्तीसगढ़ में साल के पेड़ में जब फूल आते है तो सरहुल पर्व मनाया जाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय संस्कृति में गहरी आध्यात्मिकता छिपी है। प्रकृति को सहेजकरए प्रकृति के अनुकूल जीवन जीना। बड़े-छोटे, स्त्री-पुरुष में किसी तरह का भेदभाव नहीं। सब बराबर हैं और प्रकृति का उपहार सबके लिए है। ये बातें हमें इस समाज से सीखने की आवश्यकता है। वास्तव में जीवन जीने की कला जनजातीय समाज से सीखनी चाहिए। जनजातीय समाज में दहेज जैसी सामाजिक बुराई का अस्तित्व नहीं है। भगवान बिरसा मुण्डा का शौर्य हमें हमेशा जीवन में साहस की राह दिखाता है। उन्होंने शोषण मुक्त समाज का सपना देखा था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हीं की परिकल्पना के अनुरूप प्रधानमंत्री जनमन योजना प्रारंभ कर विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों के जीवन में समृद्धि लाने का प्रयास किया है। प्रधानमंत्री कल हजारीबाग से प्रधानमंत्री जनजाति उन्नत ग्राम अभियान की शुरूआत करेंगे, जिसमें जनजातीय बहुल 63 हजार गांवों के 5 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय लोग कभी दिखावा नहीं करते, उनकी सरलता-सहजता मन मोह लेती है। जनजातीय समाज की खानपान की शैली बीपी-शुगर जैसी लाइफ स्टाईल से जुड़ी बीमारियों से दूर रखती है। उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत पर आयोजित यह कार्यशाला जनजातीय समाज के गौरव को पूरे समाज के सामने लाने में मील का पत्थर साबित होगी।

वन मंत्री केदार कश्यप ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समाज का बहुत बड़ा योगदान रहा है। इस समाज में अनेक महापुरूषों ने जन्म लिया जिन्होंने 1857 क्रांति के पहले ही अंग्रेजों के विरूद्ध संघर्ष की शुरूआत की। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अंग्रेजों को बड़ा नुकसान जनजातीय क्षेत्रों में हुआए अनेक मौकों पर उन्हें मजबूर होकर पीछे हटना पड़ा। कश्यप ने कहा कि अंग्रेजों ने जब बस्तर में रेल लाईन बिछाने का काम शुरू किया उसमें लकड़ी का उपयोग किया जाता था। जनजातीय समाज ने इसका विरोध किया और यह भाव जताया कि हमारा जंगल कोई नहीं काटेगा। सामाजिक एकजुटता के कारण बहुत कुछ संरक्षित रहा। उन्होंने कहा कि आज किए जा रहे आयोजन के माध्यम से इतिहास के पन्नों में दर्ज जनजातीय समाज के गौरव की गाथा हमारी आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि बस्तर दशहरा सामाजिक समरसता का सबसे बड़ा प्रमाण है। इस समाज में 80 प्रतिशत परिवार संयुक्त परिवार है। मिलेट का उपयोग, जैविक खेती जैसी अनेक बातें जनजातीय समाज से शिक्षित समाज को सीखने की आवश्कता है।

स्वागत भाषण उच्च शिक्षा विभाग के सचिव प्रसन्ना आर. ने दिया। वनवासी विकास समिति के अखिल भारतीय युवा कार्य प्रमुख वैभव सुरंगे ने स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समाज के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जनजातीय संस्कृति में अनेक प्रगतिशील परम्पराएं हैं। भगवान से ये कुछ नहीं मांगते। वनवासी विकास समिति के सचिव डॉ.अनुराग जैन ने कहा कि जनजातीय समाज के गुमनाम महानायकों के योगदान से नई पीढ़ी को परीचित कराने की जरूरत है। कार्यक्रम में वनवासी विकास समिति के प्रांताध्यक्ष उमेश कश्यप विश्व विद्यालय के कुलपति एवं प्रबुद्ध नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री सहित अतिथियों ने इस अवसर पर जनजातीय समाज के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर केंद्रित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का लोकार्पण आज

**रायगढ़।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता का प्रतीक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का मुख्य उद्देश्य जनजातीय बच्चों को गुणवत्तापूर्वक शिक्षा प्रदाय करना, प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत करना एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलाना है। इसी श्रृंखला में रायगढ़ जिले में स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, छर्राटांगर विकासखंड घरघोड़ा का लोकार्पण 2 अक्टूबर 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से वर्चुअली किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम का आयोजन ग्राम छर्राटांगर विकासखंड घरघोड़ा स्थित एकलव्य विद्यालय परिसर में जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में किया जाएगा। साथ ही प्रधानमंत्री द्वारा जनजातीय समुदायों को 17 मंत्रालय और विभागों के माध्यम से अपनी सेवाओं व सुविधाओं द्वारा विकास की मुख्य धारा से जोडऩे हेतु 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' का वर्चुअली शुभारंभ किया जाएगा।

### बलौदाबाजार हिंसा मामले में कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की न्यायिक हिरासत बढ़ाई गई

**रायपुर (आरएनएस)।** बलौदाबाजार हिंसा मामले कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी गई है। जानकारी के अनुसार, सोमवार पुलिस कोई भी चालान पेश नहीं किया। पुलिस ने अभियोग पत्र पेश करने के लिए 3 अक्टूबर तक का समय मांगा है। आपको बता दें कि बलौदाबाजार हिंसा मामले में पुलिस ने उन्हें 17 अगस्त को हिरासत में लिया था। जिसके बाद वे पिछले डेढ महीने से जेल में बंद है। इससे पहले 10 सितंबर एवं 17 सितंबर को कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका ख़ारिज की थी। चालान पेश करने में हो रही देरी पर देवेन्द्र यादव ने फिर यही आरोप लगाया कि जानबुझकर चालान पेश करने में देर की जा रही है ताकि उनके खिलाफ आरोप गढे जा सके।

### बाढ़ में फंसे अधेड़े की बचाई जान, पुलिसकर्मी हुए सम्मानित

**बालोद-रायपुर (आरएनएस)।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान एवं नेहा वर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी एवं थाना/चौकी क्षेत्र अंतर्गत काफी बरसात को देखते हुए नदी नाले तूफान में है किसी अप्रिय घटना को रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। कोरबा पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा *सजग कोरबा* अभियान के तहत पुलिस की टीम के द्वारा नदी किनारे रहने वाले, नहाने जाने वालों को पुलिस के द्वारा सजग किया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना बांगो क्षेत्र में गोकुल सिंह पिता महेश राम उम्र 45 वर्ष निवासी पोड़ी उपरोड़ा थाना बांगो जो मछली पकडऩे तान नदी पोड़ी गया था नदी में अचानक बाढ़ आ जाने से नदी के बीचो-बीच फंस गया। जिसकी सूचना पुलिस टीम को मिलते ही नदी में फंसे हुए व्यक्ति को पुलिस के द्वारा नदी में कूद कर और सूझबूझ एवं ग्रामीणों की मदद से बांगो पुलिस के द्वारा बाढ़ में फंसे हुए व्यक्ति को सकुशल निकल लिया गया। इस उत्कृष्ट कार्य करने के लिए पुलिस अधीक्षक के द्वारा निरीक्षक उषा सोंधिया, प्रधान आरक्षक 215 ओम प्रकाश डिक्सेना, डायल 112 आरक्षक 895 सुरेंद्र कंवर, 50 अनिल पोरते, 850 मानस मनी पैकरा, 760 अशोक खरे को प्रशस्ति पत्र और नगद ईनाम दिया गया।

## नाबालिग को भगाने में सहयोगी आरोपित युवक गिरफ्तार, कोतवाली पुलिस ने भेजा रिमांड पर

रायगढ़



कोतवाली पुलिस ने नाबालिक बालिका से दुष्कर्म मामले में बालिका को भगा ले जाने में युवक का सहयोग करने वाले प्रकरण के सह आरोपित संतोष राठिया (23 साल) निवासी तिलगा को आज गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

घटना को लेकर 28 सितंबर को बालिका के पिता द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 22 सितंबर को ग्राम चुनचुना का करण पाव (19 साल) बहला फुसलाकर अपने साथी संतोष राठिया के साथ बालिका को भगा ले गय था। आरोपित करण पाव और संतोष राठिया पर अपराध क्रमांक 580/2024 धारा 137(2),64(2)(ड), 87, 3(5) बीएनएस 6 पॉक्सो एक्ट पंजीबद्ध किया गया।

अपहरण और दुष्कर्म मामले में अपराध पंजीबद्ध के 24 घंटे के भीतर कोतवाली पुलिस ने बालिका की दस्तयाबी कर मुख्य आरोपी करण पाव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। बालिका ने अपने कथन में बताई कि करण अपने साथी के साथ मोटर सायकल में शादी का प्रलोभन देकर भगा ले गया था और करण ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया था।

घटना के बाद से सह आरोपी संतोष राठिया फरार था, आज थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंद पटेल को मुखबीर से सूचना मिली की आरोपी गांव में देखा गया है। तत्काल उप निरीक्षक दीपिका निर्मलकर एवं हमराह स्टाफ द्वारा छापेमारी कर आरोपी संतोष राठिया पिता लक्ष्मी प्रसाद राठिया 23 साल निवासी ग्राम तिलगा कोंदपारा, थाना चक्रधरनगर को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

फरार आरोपित की पतासाजी, गिरफ्तारी में उप निरीक्षक दीपिका निर्मलकर, आरक्षक संदीप मिश्रा, रोशन एक्का अहम भूमिका रही है।

## घरेलू सिलेंडर के व्यवसायिक उपयोग पर दो प्रतिष्ठानों पर कलेक्टर गोयल ने लगाया 35 हजार का जुर्माना

रायगढ़



घरेलू सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग करते पाए जाने पर दो मामलों मे कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कुल 35 हजार का जुर्माना लगाया है। कलेक्टर गोयल ने खाद्य विभाग के अधिकारियों को घरेलू सिलेण्डर के व्यवसायिक दुरूपयोग पर लगातार जांच व कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

रायगढ़ के रामनिवास टॉकीज परिसर में स्थित हरिराम मिष्ठान्न भंडार की जांच खाद्य विभाग के संयुक्त दल द्वारा जांच किया गया। जिसमें यहां घरेलू उपयोग वाला लाल सिलेण्डर (भर्ती 14.2 किलो ग्राम)का उपयोग होटल के चूल्हे में करना पाया गया। इस संबंध में होटल संचालक को नोटिस दिया गया। प्रकरण में संलग्न प्रतिवेदन एवं दस्तावेजों के आधार पर होटल संचालक अमित शर्मा द्वारा घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यवसायिक दुरूपयोग किया जाना स्वीकार किया गया। इस मामले में द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमन)आदेश 2000 के कंडिका-3 (ग)एवं कंडिका-7.1 (ग) का स्पष्ट उल्लंघन के तहत जो कि आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 (1 के अंतर्गत) अमित शर्मा-हरिराम मिष्ठान भंडार पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए घरेलू गैस सिलेण्डर को राजसात किया गया।

इसी प्रकार रायगढ़ तहसील के जोरापाली में स्थित एन.एच.-49 ढाबा के खाद्य विभाग द्वारा औचक निरीक्षण किए जाने पर वहां 3 नग भरा हुआ घरेलू उपयोग वाला लाल सिलेण्डर पाया गया। जिसमें से एक नग भरा सिलेण्डर खाना बनाने वाली भट्ठी में लगा हुआ था। जबकि 4 नग घरेलू सिलेण्डर मौके पर पाया गया। इस मामले में ढाबा संचालक अभय सिंह को नोटिस जारी किया गया। प्रकरण में संलग्न प्रतिवेदन एवं दस्तावेजों के आधार पर एन.एच-49 ढाबा में मिले एक उपयोगरत सहित 3 नग भरे और 4 नग खाली सिलेण्डर के संबंध में कोई वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराये जाने पर द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमन) आदेश 2000 के कंडिका-3 (ग)एवं कंडिका-7.1 (ग)का स्पष्ट उल्लंघन के तहत जो कि आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 (1 के अंतर्गत) अभय सिंह-संचालक एन.एच.-49 ढाबा पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए सभी घरेलू गैस सिलेण्डर को राजसात किया गया।

## 'स्वच्छता ही सेवा' पर ढाई हजार से ज्यादा छात्रों ने बनाई मानव श्रृंखला : विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी हुए शामिल, कलेक्टर गोयल ने स्वच्छता पर विद्यार्थियों को दिलाई शपथ

- स्वच्छता के लिए लोगों को करें जागरूक-कलेक्टर गोयल

रायगढ़



रायगढ़ स्टेडियम में स्वच्छता का संदेश देते हुए एस.एच.एस.2024 पर ढाई हजार से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाई। मौके पर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने स्वच्छता को आत्मसात करने एवं लोगों को जागरूक करने की शपथ दिलायी। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि अपने आसपास स्वच्छ रखने के साथ ही कहीं पर भी गंदगी करने एवं कचरा फेंकने वाले लोगों को अवश्य रूप से टोके, ताकि स्वच्छता बनी रहे।

कलेक्टर गोयल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी देश एवं शहर के भावी भविष्य हो। आपका सजग रहना महत्वपूर्ण है, तभी आपके परिवार, मित्रगण, रिश्तेदार सभी स्वच्छता पर ध्यान देंगे। कलेक्टर गोयल ने विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए उसे अक्षरश: आत्मसात करने को कहा। उन्होंने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना है, कहीं पर भी कचरा नहीं फेंकना है, घरों से निकलने वाले कचरे को सूखा एवं गीला अलग-अलग करके स्वच्छता दीदियों के रिक्शा या निगम के वाहनों को ही देना है। सड़कों पर कोई कचरा फेकता है या गंदगी करता है तो उसे टोकना भी है। इससे हमारा आपका शहर स्वच्छ रहेगा। कलेक्टर गोयल ने सभी छात्र-छात्राओं को साल में 100 घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान करने के साथ ही स्वच्छता अभियान में 100 लोगों को जोडऩे और उन्हें भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में स्वच्छता ही सेवा के लोगो पर छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक मानव श्रृंखला बनायी गई थी। इस दौरान छात्रों ने संस्कार स्वच्छता, स्वभाव स्वच्छता, स्वच्छता अपनाना है रायगढ़ को स्वच्छ बनाना है, भारत माता की जय के नारे भी लगाए।

सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, नेता प्रतिपक्ष पूनम दिबेश सोलंकी, एमआईसी सदस्य शेख सलीम नियारिया, शिक्षा सहायक संचालक प्रशासन वर्षा शर्मा, लायंस क्लब के पदाधिकारी, स्कूल से आए शिक्षकगण, निगम के अधिकारी-कर्मचारी सभी ने भी स्वच्छता की शपथ ली। कार्यक्रम के अंत में कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी ने सभी स्कूल के शिक्षक, व्यायाम शिक्षक, अधिकारी-कर्मचारी और स्कूल के छात्राओं का आभार व्यक्त किया।

**विभिन्न स्कूलों के ढ़ाई हजार विद्यार्थी हुए शामिल-** कार्यक्रम में शासकीय हाई स्कूल चांदमारी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चक्रधर नगर, हाई स्कूल केवड़ाबाड़ी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जूटमिल, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नटवर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सरदार वल्लभभाई पटेल स्कूल, हाई स्कूल राजीव गांधी नगर, हाई स्कूल रामभाठा, कार्मेल हिंदी अंग्रेजी माध्यम स्कूल, बाल मंदिर, गुरु द्रोण स्कूल, साधुराम विद्या मंदिर, सेंट टेरेसा स्कूल, जिंदल स्कूल पतरापाली, डीपीएस रायगढ़, वैदिक स्कूल पटेलपाली, सेंट जेवियर, विद्या विकास, संस्कार स्कूल के 2500 से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

## चक्रधरनगर पुलिस की शराब रेड कार्यवाई : गोपालपुर- कोरियादादर में 9 लीटर महुआ शराब जब्त, एक गिरफ्तार

रायगढ़



दिनांक 30.09.2024 को चक्रधरनगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम गोपालपुर कोरियादादर में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई की। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत राव आहेर को मुखबीर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति गोपालपुर-कोरियादादर में अपने घर के आंगन में महुआ शराब बिक्री कर रहा है। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने टीम बनाकर गवाहों के साथ गोपालपुर में राजेद्र टोप्पो के घर पर छापा मारा।

छापेमारी के दौरान आरोपी के कब्जे से प्लास्टिक की कोल्ड ड्रिंक और पानी की बोतलों में कुल 9 लीटर महुआ शराब बरामद की गई, जिसकी कीमत लगभग 900 रुपये आंकी गई है। आरोपी राजेद्र टोप्पो, पिता लाजरूस टोप्पो, उम्र 36 वर्ष, निवासी गोपालपुर कोरियादादर, थाना चक्रधरनगर के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) और 59(क) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

शराब रेड की इस कार्रवाई में महिला प्रधान आरक्षक समुंद रनकर, आरक्षक चंद्र कुमार बंजारे, मिनकेतन पटेल और महिला आरक्षक दोरोथिया किंडो शामिल थे।

## जल जीवन मिशन में ओव्हर हेड टैंक और पाइप लाइन बिछाने के कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश

- निर्माण कार्यों में दिखनी चाहिए तेजी-कलेक्टर कार्तिकेया गोयल
- रायगढ़ शहर में स्वीकृत डामरीकृत सड़कों के निर्माण का टेंडर पूर्ण कर शीघ्र काम शुरू कराने नगर निगम आयुक्त को दिए निर्देश
- कलेक्टर गोयल ने ली समय-सीमा की बैठक

रायगढ़



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज समय-सीमा की बैठक में निर्माण कार्यों से जुड़े विभागों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बरसात समाप्ति पर है अब निर्माण कार्यों में तेजी दिखनी चाहिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों के प्रगति के बारे कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग से प्रगतिरत कामों के स्टेटस की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ओवरहेड टैंक और पाइप बिछाने के प्रगतिरत काम तेजी से पूरे होने चाहिए। हर सप्ताह प्रगति की फोटो के आधार पर समीक्षा होगी। जहां काम अधूरे हैं उन्हें प्राथमिकता से पूरा किया जाए। कलेक्टर गोयल ने रायगढ़ नगर निगम के अंतर्गत सड़क निर्माण के लिए मिली स्वीकृति वाले कार्यों की टेंडर प्रक्रिया पूर्ण जल्द प्रारंभ करने के लिए कहा। कलेक्टर गोयल ने इसके पूर्व जहां सड़क निर्माण होना है वहां बिजली विभाग को विद्युत पोल शिफ्ट करने के लिए निर्देशित किया।

कलेक्टर गोयल ने स्कूलों में जाति प्रमाण पत्रों के निर्माण की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग प्रति सप्ताह जाति प्रमाण पत्र के आवेदन, ऑनलाइन अप्लाई और बने आवेदन पत्रों की जानकारी दें। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र और उसके साथ आय और निवास प्रमाण पत्र बनाने का कार्य तेजी के साथ होना है। कलेक्टर गोयल ने खम्हार पाकुट के इंटकवेल प्रोजेक्ट से लैलूंगा नगरीय निकाय में पानी सप्लाई परियोजना के क्रियान्वयन के बारे में जानकारी ली। ईई पीएचई ने बताया कि टेंडर रिवाइज हो चुका है, काम जल्द शुरू कराया जाएगा। इसमें फिल्टर प्लांट और पाइप लाइन बिछाने का काम भी शामिल है। कलेक्टर गोयल ने कहा कि काम कब तक शुरू होगा और पूर्णता की तिथि के साथ अपडेट करने के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर उसकी जांच के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फूड सैंपल लेकर उसे जांच के लिए भेजें। कहीं गड़बड़ी पाई जाती है तो सख्त कार्यवाही करें। त्यौहारी सीजन आने वाला है इसको लेकर विशेष सतर्कता बरतें। कलेक्टर गोयल ने कैच द रेन प्रोजेक्ट के तहत जिले के वाटर बॉडीज की ऑनलाइन पोर्टल में एंट्री को लेकर भी जानकारी ली और जिन विभागों की एंट्री लंबित है उसे जल्द पूरा करने के लिए कहा। इसके साथ ही शिक्षा विभाग के अटल टिंकरिंग लैब के क्रियान्वयन, इंस्पायर मानक के लिए स्कूली बच्चों के पंजीयन को लेकर भी जानकारी ली। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि लैब का संचालन सुचारू रूप से हो रहा है। बीते दिनों टिंकराथान का आयोजन किया गया था। इंस्पायर अवार्ड में जिले के बच्चों ने काफी संख्या में रजिस्ट्रेशन किया है। उन्होंने इसके साथ ही महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, समाज कल्याण से जुड़े योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, वनमंडलाधिकारी रायगढ़ स्टायलो मण्डावी, एडीएम संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**जनसमस्या निवारण शिविर के आवेदनों के निराकरण की हुई समीक्षा-** बैठक के दौरान बीते दिनों में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर के दौरान लोगों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की गई। कलेक्टर गोयल ने कहा कि लोगों से प्राप्त आवेदनों का पूरी संवेदनशीलता के साथ निराकरण करें। उनकी समस्याओं का निराकरण आपकी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोगों से मिलने के लिए दिन और समय निर्धारित करें और सुनिश्चित करें कि इस दिन आप अनिवार्य रूप से उनसे मिलें। इससे लोगों की कई समस्याओं का निचले स्तर पर ही समाधान हो जाएगा।

**घरेलू सिलेंडर के व्यावसायिक उपयोग पर कार्यवाही के निर्देश-** कलेक्टर गोयल ने कहा कि घरेलू सिलेंडर के व्यवसायिक उपयोग के मामले सामने आते रहते हैं उन्होंने खाद्य विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि इसको लेकर लगातार जांच अभियान चलाकर कार्यवाही करें।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480